## दिनांक-06.10.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-1, झंझारपुर अन्तर्गत दाँया भूतही बलान तटबंध के कि0मी0 25.61 से कि0मी0 29.97 तक सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य (निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01SBD/2025-26, Group no.-01) के निविदा के तकनीकी बीड पर विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति से प्राप्त अनुशंसा पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक-06.10.2025 को सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया ।

(i) श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना ।

(ii) श्री वरूण कुमार, अभियन्ता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।

(iii) श्री नवल किशोर भारती, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर ।

(iv) श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना ।

### तकनीकी बीड

2.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | :- | दाँया भूतही बलान तटबंध के कि0मी0 25.61 से कि0मी0 29.97 तक सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य । |
| (ii) | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :- | रु0 1303.60 लाख |
| (iii) | निविदा प्रकाशन का विवरण | :- | दैनिक जागरण, दिनांक-26.07.2025 पी0आर0 नं0-003865(WRD)2025-26 |
| (iv) | निविदा प्राप्ति की तिथि | :- | दिनांक-21.08.2025 |
| (v) | प्राप्त निविदाओं की सं0 | :- | 04 अदद । |
| (vi) | निविदा की प्रक्रिया | :- | ई-टेन्डरिंग । |
| (vii) | एन0 आई0 टी0 सं0 | :- | 01SBD/2025-26, Group no.-01 |
| (viii) | प्रमंडल का नाम | :- | बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-1, झंझारपुर । |
| (ix) | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग एवं राशि | :- | विभागीय पत्रांक-4229 दिनांक-26.09.2025, राशिः-1311.78 लाख । |

**3. विभागीय निविदा समिति की समीक्षा :-**

दिनांक-16.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर से प्राप्त निविदा अभिलेखों की समीक्षा के आधार पर स्थिति निम्नवत् है :-

**(i) गोविन्द कुमार झा, अररिया संग्राम, मधुबनी :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है । अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते है ।

**(ii) हीरा इन्फ्रास्ट्रक्चर, भगवानपुर, मुजफ्फरपुर :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है । अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते है ।

**(iii) मारूती हंसराज कन्सट्रक्शन प्रा0लि0, राजेन्द्र चौक, हाजीपुर :-** इनके द्वारा निविदा अभिलेख के ITB के कंडिका 4.7 के अन्तर्गत Existing Commitment and Ongoing Works के संबंध में E/I से प्रतिहस्ताक्षरित वांछित प्रमाण पत्र/एकरारनामा/कार्यावंटन आदेश जिसमें कार्य की राशि सम्मिलित हो, संलग्न नहीं किया गया है, जिस कारण इनके Bid Capacity की वास्तविक गणना संभव नहीं है । Key personnel से संबंधित संलग्न अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप नहीं है । Key Equipment (Tractor/tipper/dumper) वांछित अर्हता से कम है। अत: ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी नहीं करते है ।

**(iv) मे0 शक्ति कुमार, सरैया, गोपालगंज :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है । अत: ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते है ।

**4. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :-**

विभागीय निविदा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए विषयक कार्य की निविदा में सम्मिलित कुल चार (04) अदद् निविदादाताओं में से कुल तीन (03) अदद् निविदादाता यथा **1. गोविन्द कुमार झा, अररिया संग्राम, मधुबनी 2. हीरा इन्फ्रास्ट्रक्चर, भगवानपुर, मुजफ्फरपुर 3. मे0 शक्ति कुमार, सरैया, गोपालगंज** तकनीकी बीड में सफल पाये गये तथा एक (01) अदद निविदादाता यथा **1. मारूती हंसराज कन्सट्रक्शन प्रा0लि0, राजेन्द्र चौक, हाजीपुर** तकनीकी बीड में असफल पाये गये ।

विभागीय निविदा समिति द्वारा सफल कुल तीन (03) अदद निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर विभागीय निविदा समिति के समक्ष विचारार्थ उपस्थापित करने हेतु मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को निदेशित किया गया ।

6/10/25

(अरविन्द कुमार सिंह)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना

6/10/25
(नवल किशोर भारती)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर

6/10/2025
(वरूण कुमार)
अभियन्ता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना

6/10
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सि0नि0- 180/2025- 4289 पटना/ दिनांक- 06-10-2025

प्रतिलिपि:- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित ।

6/10/25
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांकः-बाढ़(मो0)सि0नि0-180/2025- 4289 पटना/ दिनांक- 06-10-2025

प्रतिलिपिः- कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित ।

Gaurav 6/10/25

(विवेक गौरव)

अधीक्षण अभियन्ता